ई मेल से

भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
खान नियंत्रक (उत्तर) कार्यालय

Government of India
Ministry of Mines
Indian Bureau of Mines
Office of Controller of Mines
(North Zone)

142-सी, सेक्टर- 11, हिरण मगरी, उदयपुर- 313001 (राजस्थान)

पत्रावली संख्या: E-12012/1/2023-NZ-IBM - NZ उदयपुर, दिनांक: यथा हस्ताक्षर

सेवा में : राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर

विषय: राजभाषा हिंदी की द्वितीय तिमाही (जुलाई-2026 से सितंबर -2026 तक) की एक दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट।

महोदय,

राजभाषा अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर के निर्देशानुसार दिनांक 25/09/2026 को खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र), भारतीय खान ब्यूरो, उदयपुर के कार्यालय मे द्वितीय तिमाही (जुलाई 2026 से सितंबर-2026 तक) की एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री गिरिराज पालीवाल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिव, उदयपुर रहे और उनका स्मृति आधारित स्वदेशी अनुवाद सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ 2.0' के प्रयोग से संबंधित व्याख्यान भी रखा गया।

सर्वप्रथम श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) एवं मुख्य अतिथि श्री गिरिराज पालीवाल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिव, उदयपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात, श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

कार्यशाला के दौरान, श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) द्वारा बताया कि हाल के वर्षों में तकनीकी और वैज्ञानिक विभागों में भी एआई-आधारित अनुवाद प्रणालियों का उपयोग बढ़ा है, जिससे तकनीकी शब्दों और दस्तावेजों का हिंदी में सुगम उपयोग संभव हो रहा है। कार्यालय के सभी कंप्यूटर यूनिकोड समर्थित द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) सुविधाओं से युक्त हैं, जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी टाइपिंग और पत्राचार आसान हुआ है। अभी तक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हिंदी में किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए, सभी को हिंदी में इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री गिरिराज पालीवाल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिव उदयपुर, द्वारा स्मृति आधारित स्वदेशी अनुवाद सॉफ्टवेयर **"कंठस्थ 2.0"** के प्रयोग के बारे मे बताया, साथ ही उन्होंने भारती बहुभाषी सॉफ्टवेयर **"अनुवाद सारथी"** के बारे में बताया और सरकारी कामकाज में इस सॉफ्टवेयर की उपयोगिता के बारे में भी वर्णन किया। उन्होंने भारती बहुभाषी सॉफ्टवेयर **"अनुवाद सारथी"** का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण भी किया, जिससे सभी प्रतिभागियों को उनके समुचित उपयोग करने के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ।

श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा राजभाषा का प्रशासनिक और व्यावहारिक उपयोग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमे उनके द्वारा सरकारी कामकाज, कार्यालयी पत्राचार और दैनिक प्रशासनिक गतिविधियों से जुड़े विषयों के बारे मे बताया गया।

श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा राजभाषा में डिजिटल और तकनीकी प्रगति विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमे उनके द्वारा वॉयस टाइपिंग और स्पीच-टू-टेक्स्, अनुवाद सॉफ्टवेयर, डिजिटल प्रगति के लाभ और इसमे आने वाली चुनौतियाँ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा राजभाषा का अर्थ एवं परिचय विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमे उनके द्वारा राजभाषा का शाब्दिक अर्थ, राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा में अंतर , राजभाषा से संबंधित विभिन्न अनुच्छेदों के बारे मे बताया गया।

राजभाषा हिंदी कार्यशाला में उपस्थित व्याख्यानकर्ताओं का, सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक द्वारा धन्यवाद करते हुए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का समापन किया गया।

इस अवसर पर लिये गए छाया चित्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न कर प्रेषित हैं।


सलग्न: यथोपरि

भवदीय

Digitally signed by
Abhay Agrawal
Date: 14-10-2026
10:39:56

(अभय अग्रवाल)
खान नियंत्रक (उत्तर)
भारतीय खान ब्यूरो

एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान लिए गए छाया चित्र



खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) एवं मुख्य अतिथि गिरिराज पालीवाल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिव उदयपुर द्वारा दीप प्रज्वलन



श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक द्वारा राजभाषा का अर्थ एवं परिचय विषय पर व्याख्यान



श्री गिरिराज पालीवाल, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिव उदयपुर, द्वारा स्मृति आधारित स्वदेशी अनुवाद सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ 2.0' के प्रयोग विषय पर व्याख्यान



श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा राजभाषा में डिजिटल और तकनीकी प्रगति विषय पर व्याख्यान



श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा राजभाषा का प्रशासनिक और व्यावहारिक उपयोग विषय पर व्याख्यान



कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य